aglasem.com

FOR MP CLASS 12 PREPARATION

MP Board Class 12 Sample Paper 2027 Business Studies

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
MP Class 12	2027	Sample Paper	Business Studies

केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न–पत्र

Sample Question Paper for Practice Only

हायर सेकेण्डरी परीक्षा–2027

Higher Secondary Examination-2027

विषय–व्यवसाय अध्ययन

Subject-Business Studies

(Hindi & English Versions)

Total Questions	Total Printed Pages	Time	Maximum Marks
23	07	03:00 Hours	80

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न 01 अंक का है। प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दर्शाये गये हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द।

(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द।

(6) प्रश्न क्रमांक 16 से 23 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

Instructions -

(i) All questions are compulsory to solve.

(ii) Question Nos. 1 to 5 are objective type questions. Each objective question carries 01 mark. Marks of each question are given before the question.

(iii) Question Nos. 6 to 15, each question carries 02 marks. Word limit 30 words.

(iv) Question Nos. 16 to 19, each question carries 03 marks. Word limit 75 words.

(v) Question Nos. 20 to 23, each question carries 04 marks. Word limit 120 words.

(vi) Question Nos. 16 to 23 all questions have internal options.

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1 × 6 = 6 अंक)

(I) प्रबंध के कितने स्तर होते हैं?

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पाँच

(II) निम्न में से कौन–सा व्यावसायिक पर्यावरण का सामाजिक घटक है –

(अ) मुद्रा आपूर्ति (ब) जीवन स्तर एवं रीति–रिवाज

(स) ब्याज दर (द) संसद द्वारा पारित अधिनियम

(III) नियोजन प्रक्रिया का सर्वप्रथम चरण क्या है –

(अ) उद्देश्यों का निर्धारण (ब) विकल्पों का मूल्यांकन

(स) बजट का निर्माण (द) कार्यवाहियों का चयन

(IV) निम्नलिखित में से कौन–सा निर्देशन का तत्व **नहीं** है –

(अ) अभिप्रेरणा (ब) नेतृत्व

(स) संप्रेषण (द) नियोजन

(V) विपणन का मुख्य और अंतिम केंद्र बिंदु क्या होता है –

(अ) केवल उत्पादन बढ़ाना (ब) उपभोक्ता संतुष्टि

(स) अधिकतम मूल्य वसूलना (द) माल का भंडारण

(VI) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम किस वर्ष संशोधित किया गया –

(अ) 1986 (ब) 2014

(स) 2019 (द) 2021

Choose and write the correct option -

(I) How many levels of management are there -

(a) Two (b) Three

(c) Four (d) Five

(II) Which of the following is a social dimension of the business environment -

(a) Money supply (b) Standard of living and customs

(c) Interest rates (d) Acts passed by Parliament

(III) What is the first step in the planning process -

(a) Setting objectives (b) Evaluating alternatives

(c) Formulating a budget (d) Selecting courses of action

(IV) Which of the following is **not** an element of directing -

(a) Motivation (b) Leadership

(c) Communication (d) Planning

(V) What is the primary and final focal point of marketing -

(a) Only increasing production (b) Consumer satisfaction

(c) Charging maximum price (d) Storage of goods

(VI) In which year the Consumer Protection Act (COPRA) was revised -

(a) 1986 (b) 2014

(c) 2019 (d) 2021

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(1 × 6 = 6 अंक)**

(I) प्रबंध एक निरंतर चलने वाली ..... है।

(II) हेनरी फेयोल ने प्रबंध के कुल ..... सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

(III) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ने उपभोक्ता को ..... अधिकार दिए हैं।

(IV) नियुक्तिकरण का संबंध प्रबंध के ..... साधन से है।

(V) व्यावसायिक वित्त को व्यवसाय का ..... कहा जाता है।

(VI) उत्पाद को सुरक्षित रखने और आकर्षक बनाने की कला को ..... कहते हैं।

Fill in the blanks -

(I) Management is a continuous ____.

(II) Henri Fayol formulated a total of ____ principles of management.

(III) The Consumer Protection Act has granted ____ rights to consumer.

(IV) Staffing is concerned with the ____ resource of management.

(V) Business finance is considered the ____ of business.

(VI) The art of keeping a product protected and visually appealing is called ____.

3. सत्य या असत्य लिखिए – (1 × 6 = 6 अंक)

(I) प्रबंध के सिद्धांत स्थिर एवं पूर्णतः कठोर होते हैं।
(II) व्यावसायिक वातावरण गतिशील एवं परिवर्तनशील होता है।
(III) कर्मचारियों की भर्ती एक सकारात्मक प्रक्रिया है।
(IV) स्थायी संपत्तियों के क्रय के लिए कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होती है।
(V) विज्ञापन एक अव्यक्तिक संप्रेषण का माध्यम है।
(VI) उपभोक्ता को क्षतिपूर्ति पाने का विधिक अधिकार प्राप्त है।

State True or False -

(I) Principles of management are rigid and fully inflexible.
(II) The business environment is dynamic and ever-changing.
(III) Recruitment of employees is a positive process.
(IV) Working capital is required to purchase fixed assets.
(V) Advertising is an impersonal medium of communication.
(VI) A consumer has a legal right to seek redressal against unfair trade practices.

4. सही जोड़ी बनाइए – (1 × 7 = 7 अंक)

'अ'	'ब'
(I) औपचारिक संगठन	(अ) वास्तविक व प्रमाप कार्य की तुलना
(II) अनौपचारिक संगठन	(ब) सुधारात्मक कार्यवाही
(III) अधिकार अंतरण	(स) लिखित नियमों एवं प्रक्रियाओं पर आधारित
(IV) नियंत्रण का प्रथम चरण	(द) सामाजिक व व्यक्तिगत संबंधों से निर्मित
(V) नियंत्रण का अंतिम चरण	(इ) प्रबंधक का भार कम करना
(VI) विचलन विश्लेषण	(फ) प्रबंध के अपृथक्कीय यमज
(VII) नियोजन एवं नियंत्रण	(ज) प्रमापों का निर्धारण

Match the following -

'A'	'B'
(I) Formal organisation	(A) Comparison of actual and standard performance
(II) Informal organisation	(B) Corrective action
(III) Delegation of authority	(C) Based on written rules and procedures
(IV) First step of controlling	(D) Arises from social and interpersonal relations
(V) Final step of controlling	(E) Lessen the burden of manager
(VI) Deviation analysis	(F) Inseparable twins
VII) Planning and Controlling	(G) Setting performance standards

5. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए – **(1 × 7 = 7 अंक)**

(I) वैज्ञानिक प्रबंध के जन्मदाता कौन हैं ?
(II) बाहरी शक्तियों और घटकों के कुल योग को क्या कहते हैं ?
(III) भविष्य को पकड़ने के लिए बनाया गया पिंजरा किस कार्य को कहा गया है ?
(IV) नए कर्मचारियों को संगठन के वातावरण से परिचित कराने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?
(V) किसी व्यवसाय के वित्तीय मामलों से संबंधित निर्णयों को क्या कहते हैं ?
(VI) लिखित, मुद्रित, व्यक्त तथा ग्राफिक विक्रय कला को क्या कहा जाता है ?
(VII) "जागो ग्राहक जागो" अभियान किससे संबंधित है ?

Answer in one word or one sentence:

(I) Who is the father of scientific management?
(II) What is the aggregate of all external forces and factors called?
(III) Which managerial function is described as "a trap laid to capture the future"?
(IV) What is the process of introducing new employees to the organization called?
(V) What are decisions related to the financial matters of a business called?
(VI) What is written, printed, expressed and graphic sales art called?
(VII) Which is the "Jago Grahak Jago" campaign related to ?

6. प्रबंध की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। **2**

Write any two characteristics of management.

7. व्यावसायिक पर्यावरण के किन्हीं दो आर्थिक घटकों के नाम लिखिए। **2**

Mention any two economic dimensions of the business environment.

8. नियोजन की कोई दो सीमाएँ लिखिए। **2**

State any two limitations of planning.

9. संगठन ढाँचे के कोई दो मुख्य प्रकार बताइए। **2**

State any two main types of organizational structures.

10. भर्ती के आंतरिक स्रोतों के कोई दो लाभ लिखिए। **2**

Write any two advantages of internal sources of recruitment.

11. औपचारिक एवं अनौपचारिक संप्रेषण में कोई दो अंतर लिखिए। **2**

Write any two differences between formal and informal communication.

12. नियंत्रण की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **2**

State any two features of controlling.

13. कार्यशील पूंजी को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो घटकों का उल्लेख कीजिए। **2**

Mention any two factors affecting working capital requirements.

14. पैकेजिंग के कोई दो प्रमुख कार्य लिखिए। **2**

Write any two major functions of packaging.

15. उपभोक्ता के कोई दो प्रमुख अधिकार लिखिए। **2**

State any two fundamental rights of a consumer.

16. हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित कोई भी तीन सिद्धांतों को समझाइए। **3**

Explain any three principles formulated by Henri Fayol.

अथवा/OR

वैज्ञानिक प्रबंध के किन्हीं तीन सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए।

Explain any three principles of Scientific Management.

17. भर्ती और चयन में कोई तीन मुख्य अंतर स्पष्ट कीजिए। **3**

Clarify any three major differences between recruitment and selection.

अथवा/OR

प्रशिक्षण एवं विकास में कोई तीन अंतर लिखिए।

Write any three differences between training and development.

18. मौद्रिक एवं गैर–मौद्रिक (अमौद्रिक) प्रेरणाओं में कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए। **3**

Write any three differences between monetary and non-monetary motivation.

अथवा/OR

प्रबंध में एक अच्छे नेता के किन्हीं तीन प्रमुख गुणों का वर्णन कीजिए।

Describe any three qualities of a good leader in management.

19. वित्तीय नियोजन के कोई तीन प्रमुख उद्देश्य समझाइए। **3**

Explain any three main objectives of financial planning.

अथवा/OR

स्थायी पूंजी की आवश्यकता को निर्धारित करने वाले किन्हीं तीन तत्वों की विश्लेषण कीजिए।

Analyse any three factors that determine the requirement of fixed capital.

20. ''प्रबंध कला और विज्ञान दोनों है।'' इस कथन की विस्तृत व्याख्या कीजिए। **4**

"Management is both an art and a science." Explain this statement in detail.

अथवा/OR

प्रबंध के स्तर से क्या आशय है? उच्च स्तरीय प्रबंध के किन्हीं दो प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

Write the meaning of level of management? Describe any two functions.

21. नियोजन प्रक्रिया के चार चरणों का क्रमबद्ध वर्णन कीजिए। **4**

Describe sequentially any four steps of the planning process.

अथवा/OR

एक प्रभावी व्यवसाय में नियोजन के महत्व को किन्हीं चार बिंदुओं में समझाइए।

Explain any four points highlighting the importance/benefits of planning in an effective business.

22. अधिकार अंतरण (भारार्पण) से क्या आशय है ? इसके तत्वों को विस्तार से समझाइए। **4**

What is the meant by delegation of authority ? Explain in detail its elements.

अथवा/OR

कार्यात्मक संगठन ढाँचा तथा प्रभागीय संगठन ढाँचा में किन्हीं चार बिंदुओं पर अंतर स्पष्ट कीजिए।

Differentiate between Functional Organisational Structure and Divisional Organisational Structure on the basis of any four points.

23. विपणन मिश्रण के 4–पी का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। **4**

Explain in detail the 4-Ps of the Marketing Mix.

अथवा/OR

विज्ञापन एवं वैयक्तिक विक्रय में किन्हीं चार मुख्य बिंदुओं के आधार पर अंतर स्पष्ट कीजिये ।

Differentiate between Advertising and Personal Selling on the basis of any four major points.

-----XXX----